Member of Parliament Local Area Development Scheme

भारत सरकार
सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
सरदार पटेल भवन, नई दिल्ली -110001
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF STATISTICS & PROGRAMME IMPLEMENTATION
SARDAR PATEL BHAVAN, NEW DELHI-110001
FAX : 011-23364197
E-mail : mplads@nic.in

सत्यमेव जयते

फाइल सं. सी-59/2011-एमपीलैड्स

21 अगस्त, 2013
Dated ....

सेवा में

1. आयुक्त, कोलकाता/चेन्नई/दिल्ली नगर निगम
2. सभी जिला कलेक्टर/जिला मैजिस्ट्रेट/उपायुक्त

विषय: सौर लाइट की व्यवस्था

महोदय,

1. एमपीलैड्स संबंधी दिशानिर्देशों के अनुबंध 11 क में मद सं. 15 को निम्नानुसार शामिल करने का निर्णय लिया गया हैः-

"यद्यपि एमपीलैड्स के अंतर्गत व्यक्तिगत सौर लाइटों के लिए लाभग्राही अंशदान निषिद्ध रहेगा, तथापि उन मामलों में जहां सौर परियोजना के लिए सब्सिडी की कटौती के पश्चात निवल लागत का वहन सरकार अथवा स्थानीय निकाय/एजेंसी को करना होता है, जहां परियोजना सार्वजनिक स्थान पर हो, जहां परियोजना आम जनता/समुदाय के लिए हो और जहां सौर लाइटों के उत्तरवर्ती रख-रखाव की व्यवस्था की गई हो, सौर लाइटों की व्यवस्था करना एमपीलैड्स के अंतर्गत अनुमत्य होगा । ये आम जनता की भलाई के लिए तथा उनके हित में होती हैं तथा ये सौर-उर्जा को बढ़ावा देती हैं और ऐसे मामलों में व्यक्तिगत, पारिवारिक लाभ का पहलू सामने नहीं आता ।"

2. यह उल्लेख किया जा सकता है कि उपर्युक्त का आशय अनुबंध-11 के मद 11 और पैरा 3.20 में निहित प्रावधानों को किसी प्रकार से शिथिल करना नहीं है ।

3. यह भी उल्लेखनीय है कि नवीन तथा नवीकरणीय उर्जा मंत्रालय ने भी इस प्रस्ताव का समर्थन किया है ।

4. इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया गया है ।

भवदीय,

21/8/13

(डी. साईबाबा)
निदेशक (एमपीलैड्स)

प्रतिलिपि सूचनार्थः

1. सभी माननीय सदस्य (लोक सभा/राज्य सभा)
2. सचिव, नोडल विभाग, एमपीलैड्स से संबंधित, (सभी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र)
3. एमपीलैड्स संबंधी राज्य सभा समिति, राज्य सभा सचिवालय, नई दिल्ली ।
4. एमपीलैड्स संबंधी लोक सभा समिति, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली ।
5. एमपीलैड्स प्रभाग के सभी संबंधित अधिकारी ।
6. एनआईसी को एमपीलैड्स वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए ।

प्रतिलिपि इन्हें भी

1. नवीन तथा नवीकरणीय उर्जा मंत्रालय
2. विदयत मंत्रालय

2